
गमड्रॉप और समुद्री डाकू

वैल बिरो







गमड्रॉप और समुद्री डाकू

वैल बिरो



For Mimi, with my love

मिस्टर जोशिया ओल्डकैसल अपनी पुरानी, विश्वसनीय विंटेज कार, गमड्रॉप में बैठे थे. उनका पोता डैन पीछे बैठा था और बगल में उनका कुत्ता होरेस बैठा था. वे समुद्र के किनारे पिकनिक मना रहे थे, क्योंकि इसमें उन्हें खूब मज़ा आता था.

दुर्भाग्य से, बारिश हो रही थी - ज़ोरों की बारिश. वह भी उनकी छुट्टियों के दौरान, जुलाई के मध्य में. इसलिए वे काफी थक चुके थे और दुखी थे.



"कोई बात नहीं," मिस्टर ओल्डकैसल ने माहौल को खुश करने की कोशिश करते हुए कहा. " डैन तुम कल्पना क्यों नहीं करते कि धूप खिली है और गमड्रॉप की पीतल की बॉडी इतनी बारिश में भी हरी नहीं हुई है?" वह जानते थे कि डैन की कल्पनाशक्ति बहुत उड़ानशील थी, इसलिए उन्होंने यह काम लड़के पर छोड़ दिया और उन्होंने खुद एक सैंडविच खा लिया.

फिर डैन ने कल्पना करना शुरू की कि सूरज चमक रहा था - बिल्कुल वैसा ही जैसा वह किताब पढ़ रहा था. वो कहानी ब्लैकेनडैगर नाम के एक समुद्री डाकू के बारे में थी और डैन अभी उसके रोमांचक हिस्से पर पहुँच रहा था. इसलिए उसने ध्यान ही नहीं दिया कि होरेस ने उसका सॉसेज-रोल चुरा लिया था, लेकिन उसने कुत्ते के खुशी से भौंकने की आवाज़ ज़रूर सुनी. डैन ने ऊपर देखा, तो उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि...

...सूरज निकल आया था और होरेस सूखी घास में इधर-उधर भाग रहा था! डैन को लगा कि वह बस कल्पना कर रहा था, लेकिन वहाँ मिस्टर ओल्डकैसल खुद गर्म धूप में टहल रहे थे.

फिर डैन गमड्रॉप से कूदकर किनारे की ओर दौड़ा. वहाँ पहुँचकर वह लगभग डर के मारे उछल पड़ा.

"देखो," उसने चिल्लाकर इशारा किया.





खाड़ी का चक्कर लगाते हुए एक विशाल जहाज अचानक प्रकट हुआ: उसके मस्तूल पर एक काला झंडा लहरा रहा था. वो एक समुद्री डाकू जहाज था - बिल्कुल डैन की किताब वाले जहाज जैसा, बस फर्क इतना था कि वो जहाज़ सीधे उनकी ओर बढ़ रहा था!

"समुद्री लुटेरों, हे भगवान!" मिस्टर ओल्डकैसल चिल्लाए. "वे खतरनाक हो सकता है, और डाकू जहाज़ पर सवार लोग ख़ासतौर पर ख़तरनाक होते हैं. चलो डैन, आओ होरेस, हम जल्दी से गमड्रॉप में वापस घर चलें!"






तब तक जहाज़ लंगर डाल चुका था. समुद्री डाकू किनारे पर आ रहे थे और उनका नेतृत्व कैप्टन ब्लैकेनडैगर ख़ुद कर रहा था! वे देखने में ख़तरनाक ज़रूर थे, लेकिन जब उन्होंने गमड्रॉप को देखा तो वे डर के मारे भाग गए और चट्टानों के पीछे छिप गए. शायद उन्हें गमड्रॉप कोई नीला समुद्री राक्षस लगा होगा.




कैप्टन ब्लैकेनडैगर भी भाग जाते, लेकिन उनकी तलवार फिसल गई और वे गिर पड़े. वे लड़खड़ाते हुए अपने पैरों पर खड़े हुए, लेकिन तभी उनकी एक आँख पर लगी काली पट्टी फिसल गई और फिर वे गमड्रॉप को दोनों आँखों से देख सके.

"वो कोई राक्षस नहीं है," कप्तान चिल्लाया, "यह एक बिना घोड़े वाली गाड़ी है!"

दूसरे समुद्री लुटेरों को यह सुनकर बड़ी राहत मिली कि वो अजीब चीज़ बिना घोड़े वाली एक गाड़ी थी, इसलिए उन्होंने छिपना बंद कर दिया और फिर ख़तरनाक अंदाज़ में आगे बढ़े.





"चुपचाप खड़े रहो!" मिस्टर ओल्डकैसल ने चेतावनी दी.

"मैं आपको बता दूँ कि मेरी गाड़ी के बोनट के नीचे कम-से-कम बारह घोड़े हैं!" उन्होंने इंजन तेज़ किया ताकि यह साबित हो सके कि गाड़ी कितनी ख़तरनाक थी, और गमड्रॉप ने आज्ञाकारी गाड़ी होने के नाते एक भयानक लात मारने की आवाज़ भी निकाली.

समुद्री डाकू घोड़ों से डरते थे, क्योंकि उन्होंने समुद्र में अपने बारह सालों में कभी कोई घोड़ा नहीं देखा था. इसलिए वे तुरंत भाग गए.

मिस्टर ओल्ड कैसल बाहर आए और उन्होंने एक प्रस्ताव रखा. "देखो मैं अपने घोड़ों को नियंत्रण में रखूँगा, बशर्ते तुम अपनी चोर उँगलियाँ मेरी गाड़ी से दूर रखो."

समुद्री डाकू शांत हो गए और उन्होंने अच्छा व्यवहार करने का वादा किया. दरअसल, वे दोस्त बनने के लिए राज़ी हो गए, और फिर मिस्टर ओल्डकैसल ने कैप्टन ब्लैकेनडैगर से हाथ मिलाया.





कप्तान ने अपने आदमियों का परिचय कराया.

"लंबा वाला टिच है, छोटा लॉफ्टी, मोटा वाला स्किनी, गंजा वाला फ़ज़ और वो लंगड़ा पेगलेग है."

फिर कैप्टन ब्लैकेनडैगर ने अपनी दोस्ती का सबूत देने के लिए, अपनी समुद्री डाकू टोपी उतारकर डैन के सिर पर रख दी.



"लेकिन हमें एक काम करना है," ब्लैकेनडैगर ने कहा. "हम यहां अपना गड़ा हुआ ख़ज़ाना लेने आए हैं, लेकिन मेरा ख़तरनाक दुश्मन कैप्टन रैटलसेबर भी आ रहा है और हो सकता है कि वह हम से पहले उसे पा ले. इसलिए हमें जल्दी करनी चाहिए!"

"चलें हम आपको गमड्रॉप में ले चलते हैं," डैन अपनी बड़ी टोपी ठीक करते हुए चिल्लाया. "आखिरकार अब मैं भी एक समुद्री डाकू हूँ और आप हमारे साथी हैं!"





मिस्टर ओल्डकैसल ने सहमति जताई और गमड्रॉप का हुड नीचे कर दिया. समुद्री डाकू उसमें सवार हो गए, दो रनिंग-बोर्ड पर और लॉफ्टी सामान रखने की जाली पर. "कसकर पकड़ना!" मिस्टर ओल्डकैसल चिल्लाए और फिर वे रवाना हुए.

वे तट पर तब तक गाड़ी चलाते रहे जब तक कि वे एक और खाड़ी तक नहीं पहुँचे. टिच सबसे लंबा था, इसलिए उसने दूरबीन से देखकर लगातार निगरानी का काम किया. अचानक वह चिल्लाया,

"सावधान! एक जहाज बंदरगाह पर है!"



एक और विशाल समुद्री डाकू जहाज था जो लंगर डाले खड़ा था. "अरे बाप रे," कैप्टन ब्लैकेनडैगर दहाड़े, "वो रैटलसेबर का जहाज़ है! वो खलनायक हमसे आगे है. चलो दोस्तों, उसके पीछे!" और वे सभी दुश्मन को ढूँढ़ने के लिए गमड्रॉप से बाहर कूद पड़े.



वहाँ कोई दिखाई नहीं दे रहा था. "वे ज़रूर मेरा ख़ज़ाना ढूँढ़ने गए होंगे," कैप्टन ब्लैकेनडैगर विलाप करते हुए बोले, "लेकिन मुझे पता नहीं कि वे किस रास्ते से गए हैं!" वह एक बहुत ही अकुशल समुद्री डाकू था; वह अपना नक्शा पीछे छोड़ आया था और अब उसे सही रास्ता याद नहीं आ रहा था. इसलिए वह फूट-फूट कर रोने लगा.

"यह क्या है?" डैन ने एक पंख उठाते हुए पूछा.

"एक तोते का पंख!" फ़ज़ चिल्लाया.

"यहाँ कोई तोता नहीं है," पेगलेग ने कहा. "लेकिन रैटलसेबर के पास एक तोता ज़रूर है!" स्किनी ने घोषणा की.



"बस!" मिस्टर ओल्डकैसल चिल्लाए, और होरेस को पुकारा. "मेरा कुत्ता रास्ता ढूँढ़ लेगा!" होरेस ने पंख सूँघा और गुर्राया, क्योंकि उसे तोतों से नफ़रत थी. "तलाश करो, लड़के, तलाश करो!" मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा और फिर होरेस तुरंत दौड़ पड़ा.





"उसके पीछे!" वे चिल्लाए और फिर वे गमड्रॉप में वापस कूद पड़े. वे होरेस के साथ मुश्किल से तालमेल बिठा पा रहे थे, जो तोते की गंध का पीछा कर रहा था और एक बड़े कुत्ते की तरह भौंक रहा था. समुद्री लुटेरों ने अपनी तलवारें लहराईं और चिल्लाया, "टैली-हो! तोता भाग गया! व्यू-हैलो!" मिस्टर ओल्डकैसल ने हॉर्न बजाया और गमड्रॉप एक शिकारी घोड़े की तरह उछलती हुए आगे बढ़ी.



होरेस को ठीक-ठीक पता था कि वह तोता कहाँ गया था और वह बिजली की तरह तेज़ी से आगे बढ़ा. अचानक उसकी नाक हवा में उठी और वह काँपता हुआ रुक गया. क्योंकि उसके ठीक सामने झाड़ियाँ अलग हो गईं और वहां से बाहर आया...



...तोता! वह कैप्टन रैटलसेबर के कंधे पर बैठा था. कप्तान अपने खूँखार समुद्री लुटेरों से घिरा हुआ था, और उनमें से दो सबसे खूँखार समुद्री लुटेरों के पास एक विशाल खजाने का संदूक था.




"यह रहा मेरा खजाना," कप्तान ब्लैकेनडैगर चिल्लाया, "खड़े हो जाओ और उसे ले आओ!" वह गमड्रॉप से बाहर कूदे, लेकिन उत्तेजना में वह फिर से लड़खड़ाए और उन्होंने अपने समुद्री लुटेरों को गिरा दिया. होरेस ने ध्यान नहीं दिया और सीधे तोते पर हमला कर दिया.



तोता डरा हुआ लग रहा था और वो कप्तान के कंधे से कूद गया. "भागो! बदमाश! भागो!" होरेस के पीछा करते ही तोता चिल्लाया. तोता उड़ने के लिए बहुत मोटा था, लेकिन वह काफी तेज़ दौड़ सकता था.

वह ठीक समय पर एक पेड़ तक पहुँचने में कामयाब रहा, और वहां वो एक गड्ढे में कूद गया जहाँ कुत्ता उस तक नहीं पहुँच सकता था. इसलिए होरेस गड्ढे के सामने बैठ गया और अपनी जीभ बाहर निकाले इंतज़ार करता रहा.



कप्तान रैटलसेबर और उसके आदमी डर गए. कार में समुद्री लुटेरों द्वारा हमला होना तो बहुत बुरा था, लेकिन उन्हें सबसे ज़्यादा डराने वाला था होरेस: उन्होंने समुद्र में बिताए अपने पूरे बारह सालों में एक भी कुत्ता नहीं देखा था, और यह कुत्ता तो बहुत ही ख़तरनाक लग रहा था— वे भागने ही वाले थे कि कैप्टन रैटलसेबर फूट-फूट कर रोने लगा.






"मेरा तोता," वह रोया, "मुझे मेरा तोता चाहिए! वह चालीस सालों से मेरे पास है और मैं उसे वापस चाहता हूँ!" लेकिन उन्होंने उस कुत्ते पर हमला करने की हिम्मत नहीं की, क्योंकि होरेस उन्हें काट सकता था.

"मेरा ख़ज़ाना," कैप्टन ब्लैकेनडैगर दहाड़ा, "यह ख़ज़ाना मेरा है और मैं उसे वापस चाहता हूँ!" लेकिन उसने अपने दुश्मन पर हमला करने की हिम्मत नहीं की, क्योंकि कैप्टन रैटलसेबर का डीलडौल उनसे बड़ा था.



"हे भगवान," मिस्टर ओल्डकैसल चिल्लाए, "क्या हम ऐसा नहीं कर सकते! मेरा सुझाव सुनो, कैप्टन रैटलसेबर. आप आधा ख़ज़ाना ब्लैकेनडैगर को दे दो, मैं अपने कुत्ते को वापस बुला लूँगा और फिर आप अपना तोता ले सकते हैं."

कैप्टन रैटलसेबर राज़ी हो गए, क्योंकि उन्हें अपने तोते से बहुत प्यार था और उनका तोता खजाने के आधे हिस्से की कीमत का था. कैप्टन ब्लैकेनडैगर भी मान गए, क्योंकि कुछ न मिलने से आधा खजाना ही बेहतर था. यहाँ तक कि होरेस भी तोते को छोड़ने को तैयार हो गया, हालाँकि वह उसे अपने दोपहर के भोजन के लिए खाना पसंद करता.



तो सब ठीक रहा. दोनों कप्तानों ने दोस्त बनने का वादा किया और एक-दूसरे से हाथ मिलाया, और रैटलसेबर और उनके समुद्री डाकू आधे खजाने - और तोते - के साथ अपने जहाज पर लौट गए.



कैप्टन ब्लैकेनडैगर ने अपना आभार व्यक्त किया, और उन्होंने खजाना ढूँढ़ने में मदद के लिए गमड्रॉप की पीठ थपथपाई. उन्होंने एक बड़ा इनाम देने की पेशकश की, लेकिन मिस्टर ओल्डकैसल ने संदूक में रखे स्पेनिश डबलून के ढेर में से केवल एक सिक्का ही लिया.

"और वो ब्रांडी की वह बोतल भी," उन्होंने सुझाव दिया.

फिर उन्होंने सब से हाथ मिलाया, टिच और फ़ज़ ने आधे खजाने वाला संदूक उठाया, और कैप्टन ब्लैकेनडैगर और उनके समुद्री डाकू एक मज़ेदार गीत गाते हुए अपने जहाज की ओर वापस चले गए.



"ठीक है," मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा, "इस सबके बाद हम एक ड्रिंक के हक़दार हैं!" फिर उन्होंने थोड़ी ब्रांडी पी और थोड़ी डैन को भी दी.

तभी डैन की कल्पनाशक्ति ने काम करना बंद कर दिया, क्योंकि वह कल्पना ही नहीं कर पा रहा था कि ब्रांडी का स्वाद कैसा होता था...



...इसका स्वाद बिल्कुल संतरे के जूस जैसा था, अच्छा और ठंडा. वे अपनी पिकनिक खत्म करते हुए वापस समुद्र तट पर आ गए थे. डैन ने देखा कि इस बार बारिश सचमुच रुक गई थी और सूरज चमक रहा था.

"लो, मेरे बच्चे," मिस्टर ओल्डकैसल ने कहा, "मैंने तुम से अपनी कल्पना का इस्तेमाल करने को कहा था, और इस मामले में इसने ज़रूर ज़्यादा काम किया होगा!"

"और शायद इसीलिए ऐसा हुआ, तुम्हें यह मानना ही होगा."

क्या वो सिर्फ़ कल्पना थी? क्योंकि जब मिस्टर ओल्डकैसल पिकनिक का सामान समेट रहे थे, तो वहीं, गमड्रॉप की पिछली सीट पर, उन्हें एक ब्रांडी की बोतल, एक स्पेनिश डबलून और एक समुद्री डाकू की टोपी मिली.

और होरेस अपने मुँह में एक तोते का पंख पकड़े हुए था.







समाप्त

